समाचार

# आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय अधिकारियों की टीम के साथ उतरे सड़क पर, साफ–सफाई कार्य व गंदगी करने वालों के विरूद्ध चेतावनी, कार्यवाही व अर्थदण्ड के दिये निर्देश



कोरबा 23 जुलाई 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम प्रतिदिन सुबह–सुबह शहर की सड़कों पर विचरण करते हुये व्यवस्थाओं को देखने तथा सुधार की दिशा में कार्य कर रही है। आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने घंटाघर चौक से होते हुये महाराणा प्रताप चौक, टी.पी.नगर चौक, नया बस स्टैण्ड, लालूराम कालोनी, सुनालिया चौक, डी.डी.एम. रोड के पास लायंस गार्डन तक के मुख्य मार्ग का भ्रमण कर अव्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफ–सफाई कार्य, अवैध अस्थाई दखल, सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री डम्पिंग, अतिक्रमण व गदंगी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही, चेतावनी एवं अर्थदण्ड किये जाने आदि के निर्देश अधिकारियों को देते हुये व्यवस्थाओं में सुधार करने का अल्टीमेटम दिया।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों, स्वच्छता कार्य एजेंसियों व अव्यवस्था फैलाने वालों को कड़ा संदेश देते हुये कहा कि प्रतिदिन अधिकारी कर्मचारी सुबह–सुबह शहर का भ्रमण करें, अव्यवस्थाओं का जायजा लें तथा उनमें तत्काल सुधार लाने की जमीनी कार्यवाही सुनिश्चित करायें। इसी कड़ी में आज आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ घंटाघर चौक से महाराणा प्रताप चौक, महाराणा प्रताप चौक से होते हुवे गुरू घासीदास चौक तक के मुख्य मार्ग का भ्रमण कर हुये साफ–सफाई कार्यो व शहर की व्यवस्थाओं से जुड़े विभिन्न पहलूओं का सघन रूप से जायजा लिया। उन्होने घंटाघर चौक स्थित मिनीमाता कालेज के समीप रेलिंग स्थित नालियों के पीछे काफी मात्रा में उत्सर्जित

कचरे के ढेर को देखकर वहॉ पर स्थित अस्थाई दुकानदारों से कहा कि यदि वे यहॉ पर कचरे फैलाते पाये गये तो उनके विरूद्ध जुर्माने आदि की कार्यवाही की जावेगी। इसी कड़ी में महाराणा प्रताप चौक के पास सर्कस मैदान व बाईपास रोड के विभिन्न स्थानों का अधिकारियों के साथ साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण करते हुवे पाया गया कि गुरू घासीदास चौक स्थित चाय नाश्ता की दुकानों के सामने डस्टबिन नहीं रखने पर जुर्माने की कार्यवाही अधिरोपित की गई तथा इन दुकान संचालकों को कड़ी हिदायत दिया गया कि वे अपने प्रतिष्ठानों, दुकानों में डस्टबिन अवश्य रखें एवं आने वाले ग्राहकों से कहा कि वे डिस्पोजल आदि सामग्रियों को डस्टबिन में ही डालें। चिमनीभट्ठा व सुनालिया चौक स्थित मुख्य मार्ग के किनारे चाय नाश्ता, आटो पार्ट्स, गैरेज आदि के दुकानों से निकले हुए कचरे को इधर–उधर फेंक दिया जाता है। जिसे गंभीरता से लेते हुये आयुक्त श्री पाण्डेय ने दुकानादारों को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि वे अपने प्रतिष्ठानों, दुकानों से निकले हुये उत्सर्जित कचरे को संग्रहित करके रखें तथा डोर–टू–डोर आने वाली स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही इसको देवें।

भ्रमण के दौरान सड़क पर सफाई कर रही स्वच्छता दीदियों व सफाई कर्मियों ने आयुक्त श्री पाण्डेय से शिकायत की कि झाडू लगाने के तत्काल बाद कतिपय दुकानदारों द्वारा उक्त स्थल पर पुनः प्लास्टिक पन्नी व कचरा फेंक दिया जाता है, इससे सफाई प्रभावित होती है, इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय निगम की सफाई एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे कचरा फेंकने वालों की फोटो मोबाईल पर लें तथा इसे तत्काल संबंधित स्वच्छता निरीक्षक व स्वास्थ्य अधिकारी को भेंजे ताकि सड़क नाली में कचरा डालने वालों के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही की जा सके। उन्होने टी.पी.नगर स्थित नया बस स्टैण्ड का निरीक्षण करते हुये पाया कि वहॉ पर संचालित सुलभ इंटरनेशनल व पिंक टायलेट में शुल्क लिया जा रहा है कि शिकायत मिलने पर केयरटेकर से कहा गया कि इन दोनों को निःशुल्क रखा जावे, जिससे आने वाले यात्रियों को इसका लाभ मिल सके।

भ्रमण के दौरान टी.पी.नगर स्थित लालूराम कालोनी के पास रिक्त भूखण्ड में कचरे की डम्पिंग व काफी मात्रा में गदंगी बिखरी देख आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने गहरी नाराजगी जाहिर की तथा अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि वे संबंधित भूखण्ड मालिक को अल्टीमेटम दें कि वे तत्काल गदंगी को साफ करायें। उन्होने कहा कि रिक्त भूखण्ड में जमा गदंगी व कचरे की डम्पिंग जहॉ एक ओर शहर की सुंदरता में धब्बा है, वहीं दूसरी ओर इस गदंगी के कारण पैदा होने वाली दुर्गंध व कीटाणु लोगों के स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिये घातक होते हैं, अतः रिक्त भूखण्ड की गदंगी तत्काल साफ की जाये, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सुनील वर्मा, लीलाधर पटेल, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, अश्वनी दास, मनोज साहू, धनमोहन रात्रे के साथ ही अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।